Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding condition of buildings of Post Offices in Thane Parliamentary Constituency -laid.

श्री राजन बाबूराव विचारे (ठाणे): मेरे लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पोस्ट ऑफिस कार्यालयों की अवस्था जर्जर अवस्था में पहुँच चुकी है. महानगरपलिकाओ ने ऐसी इमारतों को ख़तरनाक घोषित कर दिया है I

वर्ष 1992 में शहर विकास प्रारूप में मनपा ने पोस्ट ऑफिसो के लिए भूखंड को आरक्षित रखा था इनमे से ठाणे मनपा क्षेत्र में 12 नवी मुंबई मनपा क्षेत्र में 03 और मीरा भायंदर मनपा क्षेत्र में 05 आरक्षित भूखंडो का समावेश था. हालाँकि उन भूखंडो पर विकास कार्य शुरू करने के लिए राज्य सरकार की नियमावली के अनुसार उसमे 40 प्रतिशत आरक्षित भूखंड पर आरक्षित भूखंड का 50 प्रतिशत क्षेत्र का निर्माण कार्य मुफ्त में करने के बाद शेष जगहों का इस्तेमाल विकासक कर सकता है. NOC देने का अधिकार पोस्टल विभाग प्रमुख का है. विभागीय लापरवाही के कारण पोस्ट ऑफिसो के लिए आरक्षित भूखंडों पर बड़ी संख्या में अतिक्रमण कर लिया गया. बीस वर्षो से भी अधिक का समय बीत जाने के बाद भी भूखंडों पर विकास कार्य न होने से हाई कोर्ट ने पोस्ट का आरक्षण रद्द कर दिया ऐसे में करोड़ो रूपये के भूखंड पोस्ट के हाथ से निकल चुके. ऐसे में इस मामले की गंभीरता से जाँच हो और दोषी व्यक्तियों पर कार्रवाई की जाये I